# भागीरथ मनोहर जल संरक्षण को समर्पित

## मेरा पानी- मेरी विरासत योजना भायी किसानों को, धान के स्थान पर सब्जी व अन्य फसलों की ओर किसानों का बढ़ा रुझान, कुरुक्षेत्र जिले के बन गांव के किसान अंकुर कुमार ने एक एकड़ से 1800 कैरेट टमाटर बेचकर बनाया रिकॉर्ड

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
भावी पीढ़ी के लिए जल सरंक्षण की चिंता करने वाले हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल भागीरथ के रूप में अब जल सरंक्षण को पूरी तरह से समर्पित हो गए हैं। इसके लिए कोरोना काल के दौरान जब कोई घर से बाहर न निकलने के लिए बाध्य था और कार्यालयों में 'वर्क फ्रॉम होम' की अवधारणा का चलन मजबूरन आरंभ करना पड़ा था तो उस समय मुख्यमंत्री ने इस आपदा को अवसर में बदलने का काम किया और उन्होंने जमीन के साथ-साथ पानी भी भावी पीढ़ी को देकर जाने का संकल्प लिया। इस दिशा में आगे बढ़ते हुए मुख्यमंत्री ने धान बाहुल्य जिलों के किसानों को 'मेरा पानी-मेरी विरासत' योजना का परिकल्प दिया, जिसके सकारात्मक परिणाम जमीनी स्तर पर देखने को मिल रहे हैं। कुरुक्षेत्र जिले के बन गांव के 4 एकड़ जमीन के किसान अंकुर कुमार ने धान के स्थान पर 3 एकड़ में सब्जियां लगानी आरंभ की और एक एकड़ से टमाटर के 1700-1800 कैरेट का उत्पादन किया, जिससे उसने सब्जियों की 13 लाख रुपये की रिकॉर्ड बिक्री की। इसके लिए किसान ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया कि उन्होंने मुख्यमंत्री की अपील को मानते हुए परम्परागत खेती को छोड़ा और मेरी फसल-मेरी विरासत योजना से प्रभावित होकर सब्जियों की खेती को अपनाया। सब्जियों की सिंचाई में टपका सिंचाई को अपनाया और इससे पानी की बचत भी हुई और कृषि आदान में भी कमी आई और आय में भी इजाफा हुआ।



**8 मुख्यमंत्री ने धान बाहुल्य जिलों के किसानों को 'मेरा पानी-मेरी विरासत' योजना का परिकल्प दिया**

**वर्ष 2024 में धान की सीधी बिजाई के तहत 2 लाख एकड़ का लक्ष्य निर्धारित:** मुख्यमंत्री ने मेरा पानी-मेरी विरासत योजना का परिकल्प सोचा था तो उस समय उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए थे कि यह योजना तभी धरातल पर सफल होगी, अगर हम धान बाहुल्य जिलों के किसानों के लिए कोई अनूठी योजना लेकर आएं। अधिकारियों ने दो प्रमुख योजनाएं तैयार की थी, जिसके तहत धान के स्थान पर मक्का, बाजरा और ज्वार जैसी फसलों का विकल्प चुनने वाले किसानों को 7 हजार रुपये प्रति एकड़ की प्रोत्साहन राशि तथा जीरो टीलेज मशीन से धान की सीधी बिजाई करने पर 4 हजार रुपये प्रति एकड़ की वित्तीय सहायता का प्रावधान किया गया। मुख्यमंत्री का यह निर्णय काफी सकारात्मक परिणाम लेकर आया। इससे पहले मुख्यमंत्री ने स्वयं धान बाहुल्य जिलों के किसानों से पानी बचाने के लिए धान के स्थान पर अन्य वैकल्पिक फसलों की बुआई करने के लिए किसान संवाद कार्यक्रम आरंभ किये थे। इसके फलस्वरूप किसानों ने खरीफ-2022 के दौरान 72,000 एकड़ क्षेत्र में धान की सीधी बिजाई कर 31,500 करोड़ लीटर पानी की बचत की। सरकार ने ऐसे किसानों को 29.16 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि दी। किसानों के इस रुझान को देखते हुए मुख्यमंत्री ने अपने बजट अभिभाषण में वर्ष 2023 -24 के दौरान 2 लाख एकड़ क्षेत्र को धान की सीधी बिजाई के तहत लाने का लक्ष्य निर्धारित करने की घोषणा की है। आगामी खरीफ सीजन 2023-24 को देखते हुए मुख्यमंत्री ने भिवानी व पलवल जिलों के बाद अपने जनसंवाद कार्यक्रम का रुख धान बाहुल्य जिले कुरुक्षेत्र की ओर किया है, जहाँ वे 1 से 3 मई, 2023 तक कुरुक्षेत्र के बड़े गांवों में लोगों से सीधा संवाद करेंगे और मेरी फसल-मेरा ब्यौरा योजना के तहत धान के स्थान पर कम पानी से पकने वाली फसलों का चयन करने की अपील करेंगे।

# हरियाणा में वाड्रा की लैंड डील मामला गर्माया

## सीएम के ओएसडी बोले- सरकार ने नहीं दी कोई क्लीन चिट; कांग्रेस कर रही थी दावा, एसआईटी की जांच अभी जारी है, कुछ मीडिया संस्थानों ने तहसीलदार की रिपोर्ट को किया गलत तरीके से पेश

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** सरकार ने कुछ मीडिया संस्थानों द्वारा मैसर्स स्काईलाइट हॉस्पिटैलिटी और मैसर्स डीएलएफ यूनिवर्सल लिमिटेड के बीच हुए जमीन हस्तांतरण मामले की जांच के लिए गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) द्वारा दी गई रिपोर्ट को क्लीन चिट का दावा करने की खबरों को मनगढ़ंत और तथ्यों से परे करार दिया है। पुलिस विभाग के एक प्रवक्ता ने इस बारे अधिक जानकारी देते हुए बताया कि उपरोक्त मामले की अभी भी जांच चल रही है। एसआईटी अभी भी अधिक प्रासंगिक दस्तावेज प्राप्त कर रही है और मामले से जुड़े कई व्यक्तियों की जांच कर रही है। प्रवक्ता ने यह भी स्पष्ट किया कि एसआईटी की जांच का दायरा सिर्फ राजस्व नुकसान की जांच तक ही सीमित नहीं है, बल्कि जांच का उद्देश्य उन सभी लोगों की संलिप्तता का पता लगाना है जो कुछ व्यक्तियों को उच्च वित्तीय लाभ देने के मकसद से आपराधिक साजिश में शामिल हैं। उन्होंने बताया कि मानेसर के तहसीलदार की रिपोर्ट के अनुसार मैसर्स स्काईलाइट हॉस्पिटैलिटी ने मैसर्स डीएलएफ यूनिवर्सल लिमिटेड को दिनांक 18.09.2012 को 3.5 एकड़ (वासिका नंबर 1435 की विवादित भूमि) बेची है और भूमि का यह हस्तांतरण भारतीय पंजीकरण अधिनियम, 1908 के अनुसार किया गया है और उक्त लेनदेन में किसी भी नियमों का उल्लंघन नहीं किया गया है। प्रवक्ता ने बताया कि तहसीलदार की इस रिपोर्ट को कुछ समाचार पत्रों द्वारा गलती से "क्लीन चिट" के रूप में पेश किया जा रहा है। प्रवक्ता ने यह भी बताया कि पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय, चंडीगढ़ सांसदों और विधायकों से जुड़े मामलों की जांच की बारीकी से निगरानी कर रहा है।



**8 एसआईटी अभी भी अधिक प्रासंगिक दस्तावेज प्राप्त कर रही है और मामले से जुड़े कई व्यक्तियों की जांच कर रही है**

इस संबंध में सीडब्ल्यूपी-पीआईएल नंबर 29 ऑफ 2021 शीर्षक कोर्ट का स्वतः संज्ञान बनाम पंजाब राज्य और अन्य से प्रगति रिपोर्ट नियमित रूप से प्रस्तुत की जा रही है। एफआईआर नंबर-288/2018, पुलिस स्टेशन खेड़कीदौला, गुरुग्राम की प्रगति रिपोर्ट भी इस मामले में राज्य द्वारा दायर व्यापक जवाब का एक हिस्सा थी और इसे गलत तरीके से "क्लीन चिट" के रूप में माना जा रहा है।

प्रवक्ता ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों द्वारा की गई जांच की गहन समीक्षा के बाद पिछले महीने एसआईटी का पुनर्गठन किया गया है। राजस्व के साथ-साथ टाउन और कंट्री प्लानिंग मामलों की जानकारी रखने वाले दो अनुभवी वरिष्ठ सिविल अधिकारियों को भी जांच में तेजी लाने के उद्देश्य से एस.आई.टी. के साथ जोड़ा गया है।

# हत्या में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपतः** सीआईए-2 सोनीपत पुलिस ने ट्रक चालक की हत्या की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित रोहित उर्फ शेरा निवासी मुकीमपुर का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। अदालत ने आरोपित को तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। गांव कुमासपुर निवासी सुमित कुमार ने गत 3 अप्रैल को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि उसका छोटा भाई अमित उर्फ चीकू (32) ट्रक पर चालक था। वह ताजपुर के युवक का ट्रक चलाते थे। वह साढ़े 11 बजे उनके भाई घर से पैदल ही ड्यूटी पर जाने के लिए निकला था। जब वह गांव किशोरा में शराब ठेके के पास पहुंचे तो इसी दौरान बाइक पर सवार दो युवक उनके भाई के पास पहुंचे।

# प्रदेश से कबूतरबाजी को खत्म करेंगेः अनिल विज

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कहा कि हरियाणा से कबूतरबाजी को पूरी तरह से खत्म करेंगे, इस मामले में छोटा या बड़ा, जो भी होगा, उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पत्रकारों से बातचीत के दौरान विज ने कहा कि लोग अपनी मेहनत की कमाई, अपनी जमीन, जेवर, मकान तक बेचकर विदेश जाने के लिए पैसे देते हैं और कबूतरबाज लोगों की भावनाओं से खिलवाड़ करते हैं। गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि कबूतरबाजी के केस हरियाणा में बढ़ते जा रहे हैं और पहले भी उन्होंने आईजी भारती अरोड़ा के नेतृत्व में एसआईटी बनाई थी। तब एसआईटी ने 589 लोगों को गिरफ्तार कर इस पर लगाम लगाई थी। अब दोबारा मामले आ रहे हैं इसलिए अम्बाला रेंज के आईजी सिबास कबिराज के नेतृत्व में एसआईटी गठित की गई है जिसमें अम्बाला के एसपी जशनदीप सिंह रंधावा और कैथल के एसपी अभिषेक जोरवाल शामिल हैं । उन्होंने कहा कि एसआईटी ने काम करना शुरू कर दिया है और एक टोल फ्री नंबर 8053003400 जारी किया है जिस पर लोग अपनी शिकायतें दर्ज करवा सकते हैं। जब से टोल फ्री नंबर जारी किया है तब से आठ शिकायतें भी आ चुकी हैं। इसमें पुराने 165 पेंडिंग केसों को भी एसआईटी ने निगरानी में लिया है। यह फैसला भी किया गया है कि एसआईटी के साथ हर जिले में डीएसपी हेडक्वार्टर नोडल अधिकारी होगा और एसआईटी उनके संपर्क में रहकर कार्रवाई करेगी।



**8 इस मामले में छोटा या बड़ा, जो भी होगा, उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी**

**कानून व्यवस्था को लेकर अब रेंज वाइज बैठक होगी:** कानून व्यवस्था को और दुरुस्त करने के लिए अब प्रदेश में रेंज स्तर पर बैठकें होगी। गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि वह मुख्यालय में पुलिस विभाग से बैठक करते-रहते हैं, मगर अब उन्होंने हर रेंज वाइस बैठक करने का निर्णय लिया है। आज वह गुरुग्राम में लॉ-ऑर्डर की स्थिति का जायजा लेने के लिए बैठक कर रहे हैं , जिसमें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाएंगे।

# भाविप उत्तर प्रांत की प्रथम कार्यकारिणी बैठक का हुआ आयोजन

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
भारत विकास परिषद हरियाणा उत्तर की प्रथम कार्यकारिणी बैठक का आयोजन राजकुमार अग्रवाल क्षेत्रीय महासचिव, उत्तर क्षेत्र-2 की अध्यक्षता में श्री राधा-कृष्ण शाखा करनाल के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। बैठक में क्षेत्रीय, राष्ट्रीय, प्रांतीय कार्यकारणी दायित्वधारी उपस्थित रहे। बैठक का शुभारम्भ दीप प्रज्जवलन व राष्ट्रीय गीत के साथ किया गया। बैठक में विभिन्न विषयों पर सार्थक चर्चा हुई व क्षेत्रीय महासचिव राजकुमार अग्रवाल का प्रेरक मार्गदर्शन प्राप्त हुआ व प्रांत को आगे लेकर जाने व संगठन विस्तार की योजना पर विस्तृत चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि संगठन का प्रवाह निरंतर आगे बढ़ते रहना चाहिए। शाखा स्तर की अपेक्षाओं पर चर्चा हुई। बैठक मे प्रांतीय अध्यक्ष धीरज भाटिया, क्षेत्रीय संयुक्त महासचिव डॉ. परमजीत पाहवा, राष्ट्रीय पर्यावरण समिति सदस्य सुधीर वर्मा, क्षेत्रीय सचिव संपर्क दीपक राय आनंद ने प्रांत व संगठन विस्तार को लेकर अपने विचार रखे।

# शिवालय बारात घर का विधायक विज ने किया लोकार्पण

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**पा**नीपत शहरी विधायक प्रमोद विज ने शुक्रवार को वार्ड 22 में 1 करोड़ 10 लाख रूपए की लागत से बने शिवालय बारात घर का लोकार्पण किया। कार्यक्रम में पहुंचने पर विधायक प्रमोद विज का स्थानीय लोगों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। जबकि वार्ड पार्षद चंचल डावर ने विधायक प्रमोद विज का स्वागत करते हुए कहा कि यहां पर इतना भव्य बारात घर बनने से आसपास के लोगों को कोई भी सामाजिक कार्य करने में अब बहुत आसानी होगी।



पार्षद डावर ने इसके लिये मुख्यमंत्री मनोहरलाल और विधायक प्रमोद विज का आभार व्यक्त किया। विधायक प्रमोद विज ने कहा कि शहर में ऐसे 116 सामुदायिक भवनों का निर्माण होगा। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष दिवाकर मेहता, भाजपा नेता वीरेंद्र तनेजा, अशोक छाबड़ा, विजय सहगल, सुनील सोनी, सोनिया गाबा, सुरेंद्र टुटेजा आदि मौजूद रहे। उसके उपरांत शुक्रवार शाम को विधायक प्रमोद विज ने वार्ड चार में 40 लाख रूपए की लागत से होने वाले विकास कार्यो का शिलान्यास किया। जिसमें ड्रेन नंबर एक पर बनी पुलिया का 20 लाख की लागत से चौड़ा किया जाएगा और 20 लाख की लागत से लोधी पार्क से देवी मंदिर तक जल निकासी की समस्या के समाधान के लिए सीवर लाइन डाली जाएगी। इस मौके पर वार्ड पार्षद रविंद्र नागपाल आदि मौजूद रहे।

# ट्रांसफार्मर चोर गिरोह का पर्दाफाश, चार काबू



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
जिला पुलिस की डिटेक्टिव स्टाफ टीम द्वारा ट्रांसफार्मर चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले एक गिरोह का पदार्फाश करते हुए इसके चार सदस्यों को काबू किया है। पुलिस ने इस गिरोह के काबू आने से जिले में घटित ट्रांसफार्मर चोरी की 40 वारदातों को सुलझाने का दावा किया है। पुलिस टीम द्वारा चार आरोपियों दिनेश कुमार उर्फ रिंकू उर्फ धाना पुत्र राजकुमार वासी गांव डाचर हाल निसिंग, धर्म सिंह पुत्र सुखचैन वासी डेरा डाचर रोड निसिंग, अजय कुमार पुत्र सोमनाथ वासी झुग्गी विश्वकर्मा मंदिर निसिंग व पवन कुमार पुत्र महेन्द्र सिंह वासी निसिंग को विश्वसनीय सूचना पर निसिंग-गौंदर रोड पर से गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से एक बुलेरो गाडी, गाड़ी में रखा 10 किलोग्राम तांबा क्वाइल व एक टूल किट बरामद किया गया। पुलिस द्वारा आरोपियों को अगले दिन अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था। इसके बाद टीम द्वारा आरोपियों का न्यायालय से 17 अप्रैल को चार दिन का पुलिस रिमाण्ड हासिल किया गया। रिमाण्ड के दौरान आरोपियों से पूछताछ व अन्य विश्वसनीय साक्ष्यों के आधार पर जांच में खुलासा हुआ कि चारों आरोपी आपसे में दोस्त हैं। इस गिरोह का मास्टर मांइड आरोपी धर्म सिंह है।

# 2023-24 के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति कोर्स हुआ पारित

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलाधिपति एवं हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय के निदेर्शानुसार कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सभी संबंधित कॉलेजों तथा विश्वविद्यालय में वर्ष 2023-24 सत्र से लागू करने के लिए एक उच्च स्तरीय कोर कमेटी, कॉलेजों के प्राचार्यों, डीन तथा संकायों के अधिष्ठाता की एक बैठक का आयोजन शुक्रवार को किया गया।



इस बैठक में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत स्नातक स्तर पर शिक्षा की रूपरेखा प्रस्तुत की गई और विस्तृत चर्चा हुई। ज्ञातव्य है कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय अपने कैम्पस में एनईपी-2020 को सत्र 2022-2023 में पहले ही लागू कर चुका है। राष्ट्रीय स्तर पर यूजीसी से प्राप्त दिशा-निर्देशित यूजी करिकुलम फ्रेमवर्क के अनुसार तैयार किए गए फ्रेमवर्क और ऑर्डिनेंस को कॉलेज प्राचार्यो से प्रतिक्रिया लेने हेतु इस बैठक का आयोजन किया गया। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने बताया कि एनईपी के अनुरूप बनाए गए इस फ्रेमवर्क में हर विद्यार्थी को स्किल डेवलपमेंट, इंटर्नशिप के माध्यम से रोजगारोन्मुखी शिक्षा देने तथा आत्मनिर्भर बनाने के लिए तीन स्किल इनहांसमेंट कोर्सिज, भारतीय मूल्यों एवं ज्ञान आधारित चार वेल्यू एडिड कोर्सिज और भाषा व संचार प्रवीनता हासिल करने हेतु चार एबिलिटी एनहांसमेंट कोर्सिज का प्रावधान किया गया है। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास करना है अर्थात आत्मा, वाणी और मस्तिष्क का विकास। राष्ट्रीय शिक्षा नीति का उद्देश्य विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान देने के साथ विद्यार्थियों में नवाचार विकसित करना है।

# बाबा हरबंस सिंह की बरसी पर हुई आपसी भाईचारे के लिए अरदास

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
डेरा कार सेवा में सिख धर्म के जाने माने संत बाबा हरबंस सिंह जी की बरसी मनाई गई। इस अवसर पर देश के विभिन्न 90 डेरों में इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। करनाल के डेराकार सेवा के प्रमुख जत्थेदार बाबा सुक्खा सिंह के सानिध्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अखंड साहब के पाठ का भोग डाला गया। कार्यक्रम में अरदास की गई। गुरुवाणी का पाठ किया गया। इस अवसर पर बाबा सुक्खा सिंह ने बाबा हरबंस सिंह को महान संत बताया। उन्होंने कहा कि उन्होंने मानवता के लिए काफी काम किया। वह गुरू की शिक्षा के प्रचार पंसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए सेवा के मार्ग पर आगे चलते गए। गुरुपर्व प्रबंधक कमेटी के महासचिव इंद्रपाल सिंह ने बाबा हरबस सिंह को महान संत बताते हुए कहा कि उनके बताए रास्ते पर चलने की जरूरत हैं। उन्होंने संगत से अपील की कि सेवा के रास्ते पर चलकर ही हम अपने आपको श्रेष्ठ रख सकते हैं। इस अवसर पर अतिथियों को सिरोपे भेंटकर सम्मनित किया गया।

# प्रतिबंधित नशीली गोलियों सहित एक आरोपी गिरफ्तार

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**जिला पुलिस** की डिटेक्टिव स्टाफ की टीम द्वारा एक आरोपी को प्रतिबंधित नशीली गोलियां सहित गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। आरोपी के कब्जे से लोमोटिल की 4800 गोलियां बरामद की गई हैं।
इस संबंध में डिटेक्टिव स्टाफ की टीम ने विश्वसनीय सूचना के आधार पर सतपाल उर्फ लाडी पुत्र हरदेवा वासी असंध को ढौल चौक असंध से गिरफ्तार किया। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से हाथ में पकड़ी एक पोलोथीन से प्रतिबंधित नशीली गोलियां लोमोटिल के 80 पत्ते बरामद



किए गए। प्रत्येक पत्ते में 60 गोलियां थी। इस प्रकार आरोपी के कब्जे से 4800 नशीली गोलियां बरामद की गई। इस संबंध में आरोपी के खिलाफ थाना असंध में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।
पुलिस पूछताछ में आरोपी द्वारा खुलासा किया गया कि वह पिछले कुछ समय से नशीली गोलियां खरीद-फरोख्त का काम करता है। उसने उपरोक्त गोलियां पास के ही एक मेडिकल स्टोर से सस्ते दाम पर खरीदी थी। आरोपी इन गोलियों को सस्ते दाम पर खरीदकर नशे के आदि लोगों को महंगे दाम पर बेचकर मोटा मुनाफा कमाता है। आरोपी को आज अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# विश्व शाति और भाईचारे के लिए मांगी दुआ

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**करनाल में** रमजान ऊल मुबारक महीने के पांचवें जुम्मे और अलविदा जुम्मे की नमाज बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मुस्लिमों ने अता की। अलविदा नूर-ए-खुदा, तू हो रहा है हमसे जुदा। सच तो यह है हक तेरा हम तो अदा ना कर सकेए, पेश है जो हो सका, तेरी मेहमानी में अगर हमसे हुई खताएं माफ कर देना खता, जिन्दगी रही तो अगले साल दिखेंगे तुझे ना रहीं तो अलविदा ए माह-ए-रमजान.... अलविदा।
हजरत मौलाना हाजी तसव्वुर साहब नूरानी मस्जिद रेलवे-स्टेशन ने जुमे की नमाज के बाद नमाज पढने आए मुस्लिम समाज के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि रमजान ऊल मुबारक महीने का आखिरी अलविदा जुम्मे की नमाज अदा करने से पहले से पहले संबोधित करते हुए कहा कि मुसलमानों रोजा रख लेने से या तराहावी पढ़ लेने से मकसद पूरा नहीं होगा, जब तक आप सदका एजकात आता नहीं करेंगे।
हजरत मौलाना तसव्वुर साहब ने कहा कि ए मुसलमानों जब तक तुम गरीब की ईद की व्यवस्था नहीं करते, जब तक आप अपने फर्ज से अदा नहीं होते, ईद की नमाज पडने.जानें से पहले ये भी देखें की आपकी गली मोहल्ले में कोई भूखा तो नहीं है चाहें वो किसी भी मजहब धर्म का क्यों ना हों।

# पृथ्वी दिवस' पर पोस्टर, कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक )**
किड्जी और किड्स प्लेनेट प्रेम पब्लिक स्कूल कुरुक्षेत्र सेक्टर -3 में 'पृथ्वी दिवस' मनाते हुए 'पौधारोपण' करवाया गया । जिसमें नन्हें मुन्ने विद्यार्थियों द्वारा विद्यालय के प्रांगण में पौधे लगाए गए और उनकी सुरक्षा हेतु प्रण लिया। विद्यार्थियों द्वारा अपने-अपने पौधों का नामकरण भी किया गया ताकि पौधों के साथ उनका लगाव , अपनत्व और जुड़ाव रहे । पृथ्वी पर्यावरण संरक्षण का महत्व समझते हुए विद्यालय में 'पृथ्वी बचाओ ' विषय पर आर्ट एंड क्राफ्ट व चित्रकला प्रतियोगिता भी आयोजित करवाई गई। विद्यार्थियों ने पृथ्वी बचाओ विषय संबंधी अनेक पोस्टर , कार्ड और सुंदर चित्र बनाएं। जिससे विद्यार्थियों में पर्यावरण सुरक्षा संबंधी जागरूकता पैदा हुई। प्रातः कालीन सभा में स्कूल प्रबंधक परमिंदर सिंह बाठ ने सभी को 'पृथ्वी दिवस' और 'ईद-उल-फितर' की बधाई देते हुए कहा कि हमें ईद को प्रेम सद्भावना से मिलजुल कर मनाना चाहिए।


## Change of Name

**I,** Jag Jeewan Singh Mehta S/o Shri Krishan Singh Mehta R/o House Name-Hrdyaamm, Govindpuram Bithoriya No-1, Nainital, Uttarakhand-263139, have changed my minor daughter's name from Jaismin Mehta aged 10 years to Haridyanshi Mehta forever

# उत्तराखंड: चारधाम यात्रा 2023 का शुभारंभ

## मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ऋषिकेश आईएसबीटी से किया बसों को रवाना

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड में शुक्रवार से चारधाम यात्रा 2023 का आगाज हो गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ऋषिकेश आईएसबीटी से "जय बद्री, जय केदार, चारों धामों में हो रही जय जयकार" के उद्घोष के बीच बसों के काफिले को हरी झंडी दिखाकर रवाना कर चारधाम यात्रा का शुभांरभ किया। इस मौके पर वन मंत्री सुबोध उनियाल, परिवहन मंत्री चंदन रामदास, शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल, नगर निगम महापौर अनीता ममगांई, हंस फाउंडेशन के संस्थापक भोले महाराज उपस्थित थे।
इस दौरान संयुक्त रोटेशन यात्रा व्यवस्था समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि कोरोना काल के बाद दूसरी बार हो रही यह यात्रा पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ेगी। अभी तक 16 लाख से अधिक यात्रियों ने अपना पंजीकरण करा लिया। यात्रियों को सभी सुविधाएं उपलब्ध हों, इसकी तैयारियां की हैं। सरकार ने इस प्रकार की व्यवस्था की है कि कोई भी यात्री बिना दर्शन करे वापस नहीं जाएगा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा केदारनाथ में किए गए जीर्णोद्धार कार्य की प्रशंसा की। इसी के साथ उन्होंने बद्रीनाथ में हो रहे विकास कार्यों के अतिरिक्त हेमकुंड जाने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए बनाए जा रहे रोपवे पर कार्य भी जल्द पूरा किए जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि गंगोत्री-यमुनोत्री के विकास के लिए भी सरकार कटिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने यात्रियों को आश्वासन दिया कि यात्रा के दौरान जो भी समस्याएं आएंगी, उसे भी जल्द समाप्त कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस बार चारों धामों में यात्रियों का स्वागत हेलीकॉप्टर से फूल वर्षा कर किया जाएगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस बार यात्रा पूरी तरह से सफल रहेगी, जिसका संदेश देश ही नहीं विश्व में भी जाएगा।
परिवहन मंत्री चंदन राम दास ने कहा कि चार धाम यात्रा की सफलता को बनाए रखने के लिए व्यवस्थाएं की गई हैं। चारों धामों में यात्रियों के रहने, खाने-पीने के साथ वाहनों के चालकों को विशेष रूप से प्रशिक्षण दिए जाने की व्यवस्था की है। 5000 वाहनों के ग्रीन कार्ड बनाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यात्रा पर जाने वाले सभी यात्रियों का पंजीकरण किया जाएगा, जिससे यात्रियों को चार धाम जाने में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।
वन मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि इस बार की चार धाम यात्रा पिछले सभी रिकॉर्ड को तोड़ेगी। उन्होंने कहा कि यह यात्रा राज्य की आर्थिक रीढ़ का भी कार्य करती है। उन्होंने यात्रा की सुरक्षा की दृष्टि से वाहन चालकों से अपेक्षा व्यक्त की है कि वह यात्रियों के प्रति सद्भावना रखते हुए धैर्य पूर्वक उन्हें यात्रा करवाएं।
स्थानीय विधायक व शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि सभी यात्रा मार्गों पर सुरक्षा व्यवस्था के साथ सभी प्रकार की व्यवस्था की है। आपके स्वागत के लिए पूरी सरकार तैयार है। यात्री की सुविधा के लिए होटलों सहित दुकानों से खरीदे जाने वाले सामान पर किसी भी प्रकार का टैक्स न ले जाने की व्यवस्था की है।



# मां गंगा की उत्सव डोली गंगोत्री के लिए रवाना

**उत्तरकाशी/टीम एक्शन इंडिया**
छह माह तक अपने शीतकालीन प्रवास मुखबा गांव में निवास करने के बाद शुक्रवार को मां गंगा की उत्सव डोली अपने शीतकालीन प्रवास स्थल से गंगोत्री धाम के लिए रवाना हो गई है। शनिवार को अक्षय तृतीया के मौके पर मां गंगा की भोग मूर्ति गंगोत्री स्थित मंदिर में गर्भ गृह में स्थापित हो जाएगी, जहां अगले छह महीने तक देश-विदेश के श्रद्धालु दर्शन कर सकेंगे।
डोली को पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ सवा मन (50 किलो) का कलेऊ, स्थानीय पकवान देकर एक बेटी की विदाई की तरह मुखवा गांव से दोपहर 12:15 बजे मुखबा के ग्रामीणों ने मां गंगा को विदा किया। अब मां गंगा की डोली का इंतजार गांव के लोगों को अगले छह महीने तक करना पड़ेगा। शुक्रवार को मां गंगा के शीतकालीन प्रवास मुखबा गांव में सुबह से ही मां गंगा की विदाई की तैयारियां शुरू हो गई थीं। सुबह विशेष पूजा-अर्चना और आरती के बाद गंगा की उत्सव डोली को सजाया गया। इसके बाद तय मुहूर्त के अनुसार 12:15 बजे मां गंगा की उत्सव डोली गंगोत्री धाम के लिए रवाना हुई। डोली यात्रा में मुखबा के साथ ही धराली, हर्षिल समेत उपला टकनौर के ग्रामीणों सहित कई श्रद्धालु एवं तीर्थ यात्री शामिल हुए।मार्कण्डेय पुरी स्थित दुर्गा मंदिर में पहुंचने के बाद मां गंगा के साथ भक्तों ने अल्प विश्राम किया। मुखबा के प्राचीन पैदल यात्रा पथ से होते हुए डोली शाम को भैरों घाटी पहुंची। यहां भंडारे के साथ रात्रि जागरण की व्यवस्था की गई है।
मंदिर समिति के अध्यक्ष हरीश सेमवाल ने बताया कि शनिवार सुबह तड़के डोली यात्रा गंगोत्री के लिए रवाना होगी, जहां विधिवत पूजा-अर्चना और वैदिक मंत्रोचारण के साथ 12:15 बजे गंगोत्री धाम के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे।



# गौ तस्करी का आरोपी दबोचा, मांस बरामद

**हरिद्वार**
पथरी थाना पुलिस ने शुक्रवार को गौ मांस के साथ एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। जबकि एक आरोपित फरार होने में कामयाब रहा। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकद्मा दर्ज कर उसका चालान कर दिया है। पुलिस फरार आरोपित की तलाश में जुटी है। जानकारी के मुताबिक थाना पथरी पुलिस को ग्राम ऐथल में एक व्यक्ति द्वारा गौ मांस ले जाने की सूचना मिली। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने आरोपित को दबोच लिया। पुलिस ने आरोपित के पास से 30 किलो गौ मांस बरामद किया। पुलिस पूछताछ में आरोपित ने अपना नाम इस्लाम पुत्र नूरहसन निवासी ऐथल थाना पथरी हरिद्वार बताया। जबकि तूफैल निवासी झींवरहेडी कोतवाली मंगलौर हरिद्वार मौके से फरार होने में कामयाब रहा। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकद्मा दर्ज कर लिया है। जबकि फरार आरोपित की तलाश कर रही है।



## नैनीताल झील में जा रही गंदगी रोकने के लिए लिखा पत्र

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
अब गंदगी के प्रति समाजसेवी भी सजग हो रहे हैं। इसका प्रमाण प्रधानमंत्री तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम भेजा गया एक पत्र है, जिसकी प्रति राज्यपाल को भी दी गई है। इस संदर्भ में शुक्रवार को जानकारी देते हुए समाजसेवी हेमंत गोनिया ने बताया कि इस पत्र में नैनीताल का अस्तित्व बचाने के लिए कहा गया है। उनका कहना है कि नैनीताल झील में नाले का गंदा पानी जा रहा है। जिसके कारण नैनीताल झील में गंदगी फैल रही है, पानी दूषित हो रहा है। हमने मांग की है कि इस अस्तित्व को बचाया जाए। हम सभी पर्यावरण प्रेमी हैं और झील का अस्तित्व बचाने की मुहिम कई बार चला चुके हैं।

# प्रशिक्षण व्यक्ति को नयापन प्रदान करने की कला: प्रो. शतांशु

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
प्रशिक्षण व्यक्ति को कुशलता एवं नयापन प्रदान करने की कला है। एक कुशल व्यक्ति ही जीवन की कठिनाई को बेहतर समझकर उसे सरल बनाने में सक्षम होता है। वह कुशलता के बल पर समाधान को रचनात्मक एवं प्रेरक बनाने का कारीगर होता है।
गुरुकुल कांगड़ी समविश्वविद्यालय के डीन, छात्र कल्याण व शारीरिक शिक्षा एवं खेल विभाग के संयुक्त तत्वावधान में विगत एक माह से चल रहे खेल कुशलता विकास के लिए प्रशिक्षण शिविर में प्रतिभा सम्मान एवं समापन समारोह के साथ प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. सोमदेव शतांशु ने शिविर में भाग लेने वाले छात्रों एवं प्रशिक्षकों को सम्मानित किया।
उन्होंने कहा कि स्वस्थ्य शरीर आज की सबसे बड़ी मांग है। केवल संतुलित भोजन द्वारा ही स्वथ्य नहीं रहा जा सकता है। दैनिक जीवन शैली के तीन बिन्दु-आहार, निद्रा एवं ब्रह्मचर्य में सन्तुलन स्थापित करने से ही स्वास्थ्य की परिकल्पना पूर्ण हो सकती है। पैकेट बंद खाद्य पदार्थ शरीर के लिए विष के समान है। इनसे श्रेष्ठ घर में बनी बासी रोटी है। आहार सात्विक होने से मन-वाणी पवित्र होती है।
निद्रा की स्थिति पर कहा कि रात्रि 9 बजे सोने तथा ब्रह्म मुहुर्त में जगने से शरीर में अनेक ऐसे परिवर्तन होते हैं, जो सूर्य उदय के बाद संभव नहीं। देर से जगने वाला व्यक्ति जीवन के इन महत्वपूर्ण परिवर्तन से वंचित रह जाता है। ब्रह्मचर्य व्यक्ति को नियम एवं सीमाओं में रहकर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण से व्यक्ति कुशल बनता है, परन्तु कुशलता के लिए भी शरीर का स्वस्थ रहना जरूरी है। इसलिए आहार, निद्रा एवं ब्रह्मचर्य का पालन करने वाला व्यक्ति जीवन में सबसे ज्यादा कुशल एवं प्रशिक्षित बन सकता है।



## न्यूज फ्लैश

### जाह्नवी होलिस्टिक वेलनेस हरिद्वार में खोलेगी नया योग केंद्र

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
जाह्नवी होलिस्टिक वेलनेस अक्षय तृतीया 22 अप्रैल के अवसर पर हरिद्वार में अपने नए केंद्र का उद्घाटन करेंगे। जाह्नवी होलिस्टिक वेलनेस सेंटर, हरिपुर कलां, हरिद्वार में खोलने का विचार योगिनी डॉ. नूतन खेर के आध्यात्मिकता, समग्र कल्याण और करुणा को बढ़ावा देने के दृष्टिकोण से प्रेरित हैं। केंद्र योग, ध्यान, आयुर्वेद और आध्यात्मिकता पर ध्यान केंद्रित करेगी। इस केंद्र द्वारा जो भी आय होगी वह हरिद्वार श्यामपुर स्थित श्री कृष्णायण देसी गौ रक्षाशाला के लिए दान में दे दी जाएगी।
उल्लेखनीय है कि श्री कृष्णायण देसी गौ रक्षाशाला में 18 हजार से अधिक देसी गायों की देखभाल के लिए समर्पित एक संगठन है। इस वित्तपोषण से खाद्य, आवास और चिकित्सा जैसी आवश्यक संसाधनों की प्रदान से गौमाता के संरक्षण और कल्याण की व्यवस्था होगी। उद्घाटन के दौरान उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी, सांसद रमेश पोखरियाल निशंक, शिक्षा और स्वस्थ्य मंत्री धन सिंह रावत, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, भाजपा युवा नेता कपिल मिश्रा, वरिष्ठ अधिवक्ता अश्विनी दुबे और अश्विनी उपाध्यान शामिल होंगे।

### सांसद रमेश पोखरियाल निशंक ने किया वेंडिंग जोन का निरीक्षण

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
पूर्व मुख्यमंत्री एवं हरिद्वार सांसद डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक ने शुक्रवार को नगर निगम द्वारा द्वारा विकसित किए गए प्रथम न्यू स्मार्ट वेंडिंग जोन, चंडी घाट मार्ग, रोड़ी बेलवाला महिला पिंक वेंडिंग जोन ज्वालापुर, पुल जटवाड़ा के तीसरे वेंडिंग जोन का निरीक्षण किया। इस दौरान सांसद निशंक ने अधिकारियों को वेंडिंग जोन में सारी व्यवस्थाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि हरिद्वार में अभी मात्र 200 रेहड़ी पटरी वालों को वेंडिंग जोन में स्थापित किया गया है।
शीघ्र ही नगर निगम के सर्वे के अनुसार बस अड्डा, रेलवे स्टेशन, स्थानीय पार्किंग, मठ मंदिरों, सार्वजनिक स्थलों के समीप दो से ढाई हजार रेहड़ी पटरी के लघु व्यापारियों को वेंडिंग जोन के रूप में सामाजिक सुरक्षा प्रदान कर भयमुक्त रोजगार का अवसर दिया जाएगा।

# सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी ने फिल्म 'पधानी जी' का प्रोमो लांच किया

**8 उत्तराखंड को देश-दुनिया के सामने एक बेस्ट फिल्म शूटिंग डेस्टिनेशन के रूप में स्थापित किया जाए।**

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
देहरादून के रिंग रोड स्थित सूचना विभाग में उत्तराखंड फिल्म विकास परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी ने शुक्रवार को गढ़वाली फिल्म 'पधानी जी' का प्रोमो लॉन्च किया। इस अवसर पर अपर निदेशक सूचना आशीष कुमार त्रिपाठी एवं संयुक्त निदेशक/नोडल अधिकारी डॉ. नितिन उपाध्याय सहित फिल्म से जुड़े कलाप्रेमी उपस्थित थे।
फिल्म का प्रोमो लांच करते हुए बंशीधर तिवारी ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का उद्देश्य है कि उत्तराखंड को देश-दुनिया के सामने एक बेस्ट फिल्म शूटिंग डेस्टिनेशन के रूप में स्थापित किया जाए। राज्य सरकार का पूरा प्रयास है कि फिल्म शूटिंग डेस्टिनेशन के लिए सभी आधारभूत सुविधाएं विकसित की जाएं। इसी दिशा में कदम बढ़ाते हुए राज्य सरकार ने दो महत्वपूर्ण नीतियां लाई हैं, जिनमें सेवा सेक्टर नीति के तहत फिल्म उद्योग में उपयोग होने वाले उपकरणों एवं सेवाओं को शामिल किया गया है, जबकि दूसरी नीति-औद्योगिक नीति के अन्तर्गत फिल्म उद्योग के तहत फिल्म सिटी अथवा अन्य प्रकार के उद्योग आधारित कार्यों को शामिल किया गया है।
तिवारी ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा शीघ्र ही नई फिल्म नीति लागू की जा रही है, जिसका ड्राफ्ट तैयार कर लिया गया है। सरकार की अनुमति के बाद इसे लागू किया जायेगा। इसमें मुख्यमंत्री धामी ने विशेष ध्यान रखा है कि क्षेत्रीय सिनेमा को प्रोत्साहित किया जाए.फिल्म के निर्देशक अशोक चौहान (आशु) ने बताया कि इससे पहले वह और उनकी टीम कई फिल्मों और वीडियो एल्बम में काम कर चुकी है। उनकी टीम ने फिल्म बटोई, औंसी की रात, जुन्याली रात, जन्मू कू साथ, गंगा का मैती गढ़वाली, सात फेरों का सातों बचन, गढ़ गौरव, विक्रम बेताल (गढ़वाली), फिर ऐगे याद तेरी (कुमाउंनी), सुपर हिट फिल्म खैरी का दिन भी सम्मिलित है।



## हरिद्वार: तस्कर गिरफ्तार, गांजा बरामद

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
पुलिस ने शुक्रवार को सिडकुल स्थित इन्द्रलोक कॉलोनी से एक तस्कर को गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसका चालान कर दिया है।
जानकारी के मुताबिक पुलिस ने इन्द्रलोक कॉलोनी में चेकिंग अभियान के दौरान एक व्यक्ति को शक होने पर पकड़ा। आरोपित की तलाशी लेने पर उसके पास से एक किलो 315 ग्राम गांजा बरामद हुआ। पुलिस पूछताछ में आरोपित ने अपना नाम पवन कुमार पाल उर्फ पप्पन पुत्र गिरधारी पाल निवासी झबरेड़ा, हरिद्वार हाल सिडकुल, हरिद्वार बताया।

# भारतीय वैश्य महासंघ छठा वैश्य परिचय सम्मेलन करेगा आयोजित

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
भारतीय वैश्य महासंघ 28 मई को देहरादून में विवाह योग्य वैश्य युवक-युवतियों का परिचय सम्मेलन आयोजित करेगा। महासंघ बीते कुछ वर्षों से यह सम्मेलन आयोजित कर रहा है। इस वर्ष यह संस्था द्वारा छठवां वैश्य परिचय सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है।
महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष विनय गोयल ने शुक्रवार को उत्तरांचल प्रेस क्लब सभागार में पत्रकार वार्ता में बताया कि इस सम्मेलन के माध्यम से युवक-युवती अपना योग्य जीवनसाथी का चुनाव कर सकते हैं। सम्मेलन में लगभग 300 युवक-युवतियों के रजिस्ट्रेशन संस्था द्वारा अभी तक किए जा चुके हैं और लगभग 700 युवक-युवतियों द्वारा रजिस्ट्रेशन करवाए जाने की संभावना है।
गोयल ने बताया कि भारतीय वैश्य महासंघ का गठन वर्ष 2015 में वैश्य समाज (जिसमें लगभग वैश्य समाज की 400 उपजातियां सम्मिलित हैं) के उत्थान व वैश्य समाज की सभी उपजातियों को एक मंच पर एकत्रित करने तथा आपसी भाईचारे को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया था। उसी दिशा में भारतीय वैश्य महासंघ निरंतर प्रयत्नशील रहा है। भारतीय वैश्य महासंघ गत 8 वर्षों से रचनात्मक कार्यों के द्वारा अपने उद्देश्य का निर्वहन निरंतर करता चला आ रहा है। संस्था द्वारा प्रत्येक वर्ष होली मिलन, तीज महोत्सव और दीपावली के पावन पर्व पर मां लक्ष्मी की महाआरती जैसे भव्य कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते रहे हैं।



# राज्य जैविक बोर्ड की बैठक में अनुमानित आय-व्यय को स्वीकृति



**देहरादून**
उत्तराखंड सीड एड ऑर्गेनिक प्रोडक्शन एसोसिएशन की 52वीं प्रबंध कार्यकारिणी परिषद की बैठक में शुक्रवार को वर्ष 2023-24 में होने अनुमानित आय-व्यय (बजट) और एनआईसी की ओर से ऑर्गनिक सर्टीफिकेशन एजेन्सी का ऑनलाईन सॉफ्टवेयर विकसित करने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई।
रिंग रोड स्थित किसान भवन में कृषि मंत्री गणेश जोशी की अध्यक्षता में उत्तराखंड सीड एंड ऑर्गेनिक प्रोडक्शन एसोसिएशन की 52वीं प्रबंध कार्यकारिणी परिषद की बैठक आहूत की गई। बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा की गई और एजेन्सी की विगत 51वीं बैठक में पारित निर्णयों की पुष्टि प्रदान की गई। बैठक में सभी बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।
इस मौके पर कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कृषि विभाग सहित सभी संबंधित विभागों को मिलेट वर्ष 2023 को सफल बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। साथ ही, किसान भवन की साज-सज्जा, रंग-रोगन के लिए 25 लाख की धनराशि कृषि विभाग को हस्तान्तरित करने को निर्देश दिए।
मंत्री जोशी ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों को लाभ पहुंचाने और उनकी आय को दोगुनी करने की दिशा में निरंतर प्रयासरत है। बीज किसान की आत्मा होती है,और यह एजेंसी बीज प्रमाणन कार्य करती है। सीड्स के होने वाले विकास कार्यों को मंडी परिषद के माध्यम से किया जाएगा।
मंत्री ने कहा सीड एंड ऑर्गेनिक प्रोडक्शन एसोसिएशन के सभी कर्मचारियों को एसजीएचएस के माध्यम स्वास्थ्य बीमा दिया जाएगा। सितारगंज, बाजपुर और गदरपुर में भवन निर्माण के लिए भूमि खरीद के प्रस्ताव पर भी चर्चा की गई, जिसे बोर्ड ने निरस्त कर दिया।

# मेधावी छात्र अपने अंदर विकसित करें नेतृत्व की क्षमता : राज्यपाल ले. जनरल गुरमीत सिंह

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखण्ड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने कहा कि मेधावी छात्र अपने अंदर नेतृत्व की क्षमता पैदा करते हुए अपने प्रयासों से राष्ट्र और समाज के निर्माण में योगदान दें। कहाकि आने वाला समय ज्ञान, विज्ञान एवं अनुसंधान का है।

**छह शोधार्थी 'गवर्नर्स रिसर्च अवॉर्ड' से सम्मानित**

शुक्रवार को राजभवन में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने शोध के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले छह शोधार्थियों को 'गवर्नर्स रिसर्च अवॉर्ड' से सम्मानित किया। इस दौरान 'पथ प्रदर्शक' कार्यक्रम के अन्तर्गत विभिन्न संस्थानों में अध्ययनरत 49 मेधावी छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्तियां प्रदान की गयी। इसके अलावा प्रदेशभर की 23 सामाजिक व शैक्षणिक संस्थाओं को आर्थिक सहायता भी दी गई।



**ज्ञान-विज्ञान के बल पर विकास और उन्नति को हासिल करें युवा**

कार्यक्रम में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने सभी रिसर्च स्कॉलर्स और मेधावी छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस दौरान उन्होंने कहा कि ज्ञान, विज्ञान के बल पर जीवन को सरल और सुगम बनाकर विकास और उन्नति को हासिल किया जा सकता है।

**आज विश्व शक्ति के रूप में स्थापित हो रहा भारत**

राज्यपाल ने कहा कि भारत आज अपने प्रतिभावान शोधार्थियों और वैज्ञानिकों के बूते विश्व गुरु बनने की दिशा में अग्रसर है। आज विश्व शक्ति के रूप में भारत स्थापित हो रहा है। जिसमें हमारे शोध और अनुसंधान का महत्वपूर्ण योगदान है।

**अमृतकाल में देश को आगे ले जाने की जिम्मेदारी युवाओं के कंधों पर**

उन्होंने कहा कि भारत अमृतकाल में प्रवेश कर चुका है और इस अमृतकाल में देश को आगे ले जाने की जिम्मेदारी हमारे युवाओं के कंधों पर है। आज की हमारी उपलब्धियां हमारे युवाओं के असीमित उत्साह, ऊंचे हौसलों और दृढ़ संकल्प के बल पर ही हासिल हो रही हैं।
राज्यपाल ने कार्यक्रम में मौजूद मेधावी छात्रों को आश्वस्त करते हुए कहा कि उन्हें अध्ययन के दौरान कभी भी अन्य शैक्षणिक संसाधनों की आवश्यकता होगी तो उसे पूरा करने का प्रयास किया जायेगा।राज्यपाल ने प्रदेश के विभिन्न सामाजिक एवं शैक्षणिक संस्थाओं को उनकी निःस्वार्थ भाव से की जा रही सेवा और जनहित में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। इसके साथ ही कहा कि भविष्य में वे और व्यापक स्तर पर सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे।कार्यक्रम में सचिव राज्यपाल रविनाथ रामन ने 'गवर्नर्स रिसर्च अवॉर्ड, पथ प्रदर्शक छात्रवृत्ति एवं सामाजिक संस्थाओं' को दी जाने वाली आर्थिक सहायता के बारे में विस्तृत जानकारी दी।
इस दौरान,जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी वि.वि के कुलपति प्रो. मनमोहन सिंह चौहान, दून वि.वि की कुलपति प्रो.सुरेखा डंगवाल,पूर्व कुलपति देव सुमन वि.वि प्रो.पी.पी.ध्यानी, उप सचिव एन.के.पोखरियाल,अनुसचिव गजेन्द्र नौटियाल सहित अन्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालनडॉ.तृप्ति श्रीवास्तव की ओर से किया जायेगा।

**इन्हें मिला 'गवर्नर्स रिसर्च अवॉर्ड'**

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में प्रथम पुरस्कार डॉ.अचलेश देवरे सहायक प्राध्यापक दून विश्वविद्यालय, द्वितीय पुरस्कार डॉ.अनिल कुमार, सहायक प्राध्यापक यूपीईएस एवं तृतीय पुरस्कार डॉ. सुरेन्द्र सिंह, सहायक प्राध्यापक दून विश्वविद्यालय, मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान में प्रथम पुरस्कार डॉ.श्वेता सूरी, जी.बी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी वि.वि पंतनगर, द्वितीय पुरस्कार डॉ. ऐश्वर्य प्रताप,दून वि.वि व तृतीय पुरस्कार डॉ. राशि मिश्रा सहायक प्राध्यापक दून विवि को प्रदान किया गया।

## 'मैं इसकी जिम्मेदारी लेता हूं', मैच हारने के बाद कप्तान नीतिश राणा के साहसी बोल

**बुलढाणा ।** कोलकाता नाइट राइडर्स को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2023 में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ लगातार तीसरी हार का सामना करना पड़ा। हार के बाद केकेआर के कप्तान नीतीश राणा ने आगे आकर इस हार की जिम्मेदारी ली। नीतीश ने पिछले कुछ मैचों में बल्लेबाज के रूप में अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया है। उन्होंने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 75 (41) रन बनाए, हालांकि केकेआर को फिनिश लाइन के पार ले जाने के लिए उनकी दस्तक पर्याप्त नहीं थी। मैच के बाद नीतीश राणा ने कहा, 'मैं इसकी जिम्मेदारी लेता हूं, मुझे वहीं खड़ा होना चाहिए था।' डीसी के खिलाफ सभी की निगाहें उन पर टिकी हुई थी क्योंकि केकेआर ने खेल के अहम क्षण में विकेट गंवाए थे। राणा 4 (7) के स्कोर पर पवेलियन लौटे क्योंकि वह इशांत शर्मा का पहला शिकार बने। जैसा कि केकेआर के बल्लेबाजों ने अपने भाग्य को स्वीकार किया और बोर्ड पर 20 ओवरों में 127 रन का कम स्कोर बनाया। केकेआर के गेंदबाजों ने खेल में वापसी करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। राणा ने कहा, 'गेंदबाजों को श्रेय हालांकि, मुझे लगता है कि आगामी खेल हमारे लिए अच्छे होंगे। हम केवल देरी करने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन उन्होंने पावरप्ले में वास्तव में अच्छा खेला। यहीं से उन्होंने खेल जीता। हमें एक टीम के रूप में अच्छा खेलने की जरूरत है।' हमें उस तरह से गेंदबाजी करने की जरूरत है जैसे हमने आज किया, अगर हम इन चीजों को सुलझा लेते हैं, तो हम बेहतर तरीके से लड़ सकते हैं।' भले ही नीतीश बल्ले से प्रदर्शन करने में नाकाम रहे लेकिन उन्होंने गेंद के साथ कदम प्रदर्शन किया और चार ओवर में 17 रन देकर दो विकेट चटकाए।

## वॉर्नर ने भारतीय युवाओं के बारे में कहा, अतिरिक्त तेजी से निपटना नहीं सिखाया जा सकता

**नई दिल्ली ।** दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान डेविड वॉर्नर ने अपनी टीम के युवा भारतीय बल्लेबाजों से कहा कि उन्हें अतिरिक्त तेजी से निपटने का तरीका खुद ही ढूंढना होगा क्योंकि यह ऐसा कौशल है जिसे सिखाया नहीं जा सकता।

दिल्ली की तरफ से अब तक छह मैचों में 285 रन बनाने वाले वॉर्नर के अर्धशतक की मदद से उनकी टीम ने गुरुवार को यहां कोलकाता नाइट राइडर्स को हराकर आईपीएल के वर्तमान सत्र में अपनी पहली जीत दर्ज की। दिल्ली की टीम में शामिल भारतीय बल्लेबाजों ने हालांकि अभी तक अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है। पृथ्वी साव (छह मैचों में 47), सरफराज खान (दो मैचों में 34), यश ढुल (दो मैचों में तीन), अमन खान (चार मैचों में 30) और अभिषेक पोरेल (चार मैचों में 33) में से कोई भी अभी तक बड़ी पारी नहीं खेल पाया है। वॉर्नर से जब पूछा गया कि क्या इस बारे में उनके भारत के युवा बल्लेबाजों से बात हुई, उन्होंने कहा,'' ईमानदारी से कहूं तो हमारी इस विषय पर बहुत अधिक चर्चा नहीं होती क्योंकि आपको अपने कौशल पर भरोसा होना चाहिए और मैं लोगों को यह नहीं बता सकता कि कैसे बल्लेबाजी करनी है। वास्तव में इसके लिए आपको खुद ही तरीका ढूंढना होगा।'' उन्होंने कहा,''यदि आपको तेज गेंदबाजी का सामना करना है और गेंदबाज 150 किमी की रफ्तार से गेंदबाजी कर रहा है तो आपको रन बनाने के लिए तकनीक और तरीका ढूंढना होगा। अगर वे आप पर हावी हो रहे हैं और आपकी पसलियों तक उछाल लेने वाली गेंद कर रहे हैं तो फिर आपको रन बनाने के लिए अपना तरीका ढूंढना होगा और अगर आप एक चौका जड़ देते हैं तो फिर वे आपके अनुकूल गेंदबाजी करने लगेंगे।'' वॉर्नर ने शार्ट पिच गेंद खेलने के बारे में कहा,'' नेट्स पर शार्ट पिच गेंदों का अभ्यास करना बहुत मुश्किल होता है और यहां तक कि आस्ट्रेलिया में भी हम इसका अभ्यास नहीं करते हैं। मेरा मानना है कि अगर आप हर समय शॉर्ट पिच गेंदों का अभ्यास करते हैं तो मैच में आप संकोची हो सकते हैं।

## कोहली-धोनी सहित कई स्टार खिलाड़ियों के ट्विटर अकाउंट्स से 'ब्लू टिक' हटा

**नई दिल्ली ।** कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली और महेंद्र सिंह धोनी सहित कई मौजूदा और भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व सुपरस्टार्स ने प्रमुख सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्विटर पर वेरिफिकेशन टिक खो दिए। प्लेटफॉर्म ने पिछले साल एलोन मस्क के कंपनी संभालने के बाद से ट्विटर खातों से 'विरासत सत्यापित टिक' को हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी थी। मस्क के प्रबंधन के तहत ट्विटर अपनी सशुल्क सदस्यता 'ट्विटर ब्लू' के साथ आया जिसके लिए उपयोगकर्ता को सत्यापित टिक के लिए मासिक-सदस्यता शुल्क का भुगतान करना पड़ता है। अधिकांश भारतीय क्रिकेटरों जिनमें महान पूर्व बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर भी शामिल हैं, ने परिणामस्वरूप ट्विटर पर अपना वेरिफाईड टिक खो दिया। दिलचस्प बात यह है कि यह सिर्फ भारतीय क्रिकेटरों तक ही सीमित नहीं था, खेल के इतिहास में सबसे महान फुटबॉलरों में से एक क्रिस्टियानो रोनाल्डो के भी ट्विटर हैंडल पर ब्लू टिक नहीं है। मस्क के स्वामित्व के तहत ट्विटर ने प्रतिष्ठित व्यक्तियों, पत्रकारों, अधिकारियों, राजनेताओं और प्रतिष्ठानों को उनकी पहचान वेरिफाइड करने के बाद दिए गए प्रतिष्ठित नीले चेकमार्क को बदल दिया है।

# पाकिस्तान पुरुष क्रिकेट टीम के निदेशक नियुक्त हुए मिकी आर्थर

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने अपने पूर्व मुख्य कोच मिकी आर्थर को पुरुष क्रिकेट टीम का निदेशक नियुक्त किया।

पीसीबी ने एक बयान में कहा, इस भूमिका में, आर्थर पाकिस्तान की पुरुष टीम के पीछे रणनीति तैयार करने और उसकी देखरेख करने में शामिल होंगे।

आर्थर ने 2016 से 2019 तक पाकिस्तान की टीम को कोचिंग दी और अब वह टीम की एक और जिम्मेदारी संभालेंगे। वह पाकिस्तानी पुरुष टीम द्वारा उपयोग की जाने वाली रणनीति के विकास, कार्यान्वयन और पर्यवेक्षण के लिए जिम्मेदार होंगे।

54 वर्षीय दक्षिण अफ्रीकी आर्थर आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 के साथ-साथ वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू श्रृंखला और ऑस्ट्रेलिया के दौरे के लिए कोचिंग स्टाफ के सदस्य के रूप में भी काम करेंगे।

आर्थर आईसीसी मेन्स क्रिकेट वर्ल्ड कप 2023, ऑस्ट्रेलिया के विदेशी दौरे और वेस्ट इंडीज के खिलाफ घरेलू सीरीज के लिए कोचिंग स्टाफ का भी हिस्सा होंगे। वह एसीसी एशिया कप में भारत के खिलाफ पाकिस्तान के मैचों के लिए भी टीम के साथ मौजूद रहेंगे।

2016 से 2019 के अपने समय के दौरान, आर्थर ने पाकिस्तान को टेस्ट और टी20ई में नंबर 1 पर पहुंचाने में



महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2017 जीतने में भी मदद की। पीसीबी ने आर्थर के हवाले से कहा, मैं पाकिस्तान क्रिकेट टीम से फिर से जुड़ने को लेकर बेहद रोमांचित हूं और टीम के साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं। आगे बढ़ने के बाद से, मैंने खिलाड़ियों और उनके सामूहिक प्रदर्शन पर नजर रखी है। यह एक प्रतिभाशाली समूह है जिसमें सभी प्रारूपों में नंबर एक बनने की क्षमता है और मेरा प्रयास रणनीति बनाने और ऐसा माहौल बनाने का है जो उनके प्रदर्शन को और बढ़ाने में योगदान दे सके।

पीसीबी प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नजम सेठी ने भी आर्थर का टीम में वापस स्वागत किया। आर्थर ने श्रीलंका को कोचिंग दी थी और बाद में पाकिस्तान के साथ कोचिंग की भूमिका छोड़ने के बाद डर्बीशायर में क्रिकेट के प्रमुख बने।

सेठी ने कहा, मुझे खुशी है कि मिकी औपचारिक रूप से पाकिस्तान की पुरुष क्रिकेट टीम में एक बढ़ी हुई भूमिका के साथ शामिल हो गए हैं, जिसमें वह सभी प्रारूपों में आगामी असाइनमेंट के लिए रणनीति तैयार करने और लागू करने के लिए जिम्मेदार होंगे।

उन्होंने कहा, अपने पिछले कार्यकाल के दौरान पाकिस्तान में रहने और काम करने के बाद, मिकी वर्तमान खिलाड़ियों, संरचना और प्रणाली को जानते हैं। मुझे यकीन है कि वह पिछले कार्यकाल से मिली सीख को शामिल करेंगे ताकि वह दूसरे कार्यकाल में और भी अधिक सफल हो सकें।

# बीडब्ल्यूएफ ने अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में रूसी और बेलारूसी खिलाड़ियों पर प्रतिबंध बरकरार रखा

**नई दिल्ली।** ओलंपिक क्वालीफाइंग शुरू होने में अब कुछ ही दिन शेष बचे हैं, वहीं, विश्व बैडमिंटन संघ (बीडब्ल्यूएफ) ने अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में रूसी और बेलारूसी खिलाड़ियों पर अपना प्रतिबंध बरकरार रखा है। अगले साल पेरिस ओलंपिक के लिए बैडमिंटन की क्वालीफाइंग अवधि 1 मई से शुरू होगी, जो कैलेंडर-वर्ष रैंकिंग का निर्धारित करेगी।

विश्व बैडमिंटन संघ ने सुरक्षा चिंताओं और अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के जटिल मानदंड पर अधिक स्पष्टता की आवश्यकता का हवाला दिया, जिसमें कुछ रूसी और बेलारूसियों को राष्ट्रीय प्रतीकों के बिना तटस्थ एथलीटों के रूप में स्वीकार किया गया था। बीडब्ल्यूएफ ने कहा, मार्गदर्शक सिद्धांत यह है कि एथलीटों को हमेशा अपने पासपोर्ट के फैसले के बिना खेल प्रतियोगिताओं में

BADMINTON WORLD FEDERATION

भाग लेने की अनुमति दी जानी चाहिए और खेल आंदोलन के नियंत्रण से बाहर किसी भी भू-राजनीतिक संघर्ष से अलग होना चाहिए। हालांकि ... बीडब्ल्यूएफ आश्वस्त नहीं है कि इस समय रूसी और बेलारूस के खिलाड़ियों और अधिकारियों पर से निलंबन हटाने का संतोषजनक औचित्य है या नहीं। आईओसी रूस और उसके सहयोगी बेलारूस के एथलीटों को व्यक्तिगत रूप से प्रतिस्पर्धा करने की अनुमति देने की भी सिफारिश करता है, न कि टीम के खेल या व्यक्तिगत खेलों में टीम स्पर्धाओं में। इससे बैडमिंटन में खिलाड़ियों को एक राष्ट्रीय टीम के रूप में एकल खेलने की अनुमति नहीं बल्कि युगल खेलने की संभावना बढ़ जाती है, एक बिंदु जिसे बीडब्ल्यूएफ ने सीधे अपने बयान में संबोधित नहीं किया। पिछले महीने आईओसी की सिफारिशें खेल के शासी निकाय के लिए बाध्यकारी नहीं हैं, जो उन्हें अपनी इच्छानुसार लागू कर सकते हैं। आईओसी ने कहा है कि उसने पेरिस ओलंपिक के लिए रूस और बेलारूस के एथलीटों पर अभी नहीं किया है।

अन्य ओलंपिक खेल जिन्होंने आईओसी का पालन किया है और कहा है कि वे रूसी और बेलारूसियों को तटस्थ एथलीटों के रूप में प्रतिस्पर्धा करने की अनुमति देना चाहते हैं, उनमें कुश्ती, तायक्वोंडो और ट्रायथलॉन शामिल हैं। वहीं, एथलेटिक्स, भारोत्तोलन और घुड़सवारी सभी ने प्रतिबंध बनाए रखा है।

## सात रन देकर शिवम ने झटके पांच विकेट, अखिल इंफ्रा ने जीता मैच



**लखनऊ ।** बीबीडी चैंपियन लीग टी-20 में अखिल इंफ्रा क्रिकेट क्लब ने दयानंद यंगमैन एसोसिएशन को आठ विकेट से हरा दिया। अखिल इंफ्रा के गेंदबाज शिवम शर्मा ने शानदार गेंदबाजी की और मात्र सात रन देकर पांच विकेट झटके। दयानंद यंगमैन एसोसिएशन की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 96 रन पर ही पवेलियन वापस लौट गयी। सलामी बल्लेबाज रोहित यादव मात्र नौ रन पर ही आउट हो गये। सबसे ज्यादा नमन सिंह ने 25 रन बनाया। वहीं अखिल इंफ्रा के शिवम ने शानदार गेंदबाजी करते हुए चार ओवर गेंद डालते हुए मात्र सात रन देकर पांच विकेट झटक लिये। अखिल इंफ्रा ने मात्र दो विकेट गवांकर 97 रन बना लिये और मैच को आठ विकेट से जीत लिया। सलामी बल्लेबाज अंकुर मलिक ने चार चौका और एक छक्का की मदद से 31 रन बनाये। वहीं आंजनेय ने सर्वाधिक 38 रन का योगदान दिया और अंत तक क्रीज पर जमे रहे।

# राफेल नडाल ने मैड्रिड ओपन से नाम वापस लिया

**मैड्रिड ।** 22 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता राफेल नडाल ने मैड्रिड ओपन से अपना नाम वापस ले लिया है। नडाल काफी धीमी गति से कूल्हे की चोट से उबर रहे हैं, जिससे उनके फ्रेंच ओपन की तैयारी को भी झटका लग सकता है।

नडाल को ऑस्ट्रेलियन ओपन में बाएं कूल्हे में चोट लगी थी, जिसके कारण वह जनवरी से ही कोर्ट से बाहर हैं। इस समस्या ने उन्हें इंडियन वेल्स, मियामी, मोंटे कार्लो, बार्सिलोना और मैड्रिड के टूर्नामेंट से बाहर रखा है। मैड्रिड ओपन, जिसे नडाल ने पांच बार जीता है, सोमवार से शुरू हो रहा है।

नडाल ने इंस्टाग्राम पर एक संदेश में कहा, शुरुआत में यह छह से आठ सप्ताह की रिकवरी अवधि होनी थी और अब हम 14 पर हैं। वास्तविकता यह है कि स्थिति वह नहीं है जिसकी हम उम्मीद कर रहे थे।

उन्होंने कहा, सभी चिकित्सा संकेतों का पालन किया गया है, लेकिन किसी तरह विकास वह नहीं है जो उन्होंने शुरू में हमें बताया था और हम खुद को एक कठिन स्थिति में पाते हैं। सप्ताह बीत रहे हैं और मुझे मोंटे कार्लो, बार्सिलोना, मैड्रिड, रोम और रोलैंड गैरोस जैसे मेरे करियर में महत्वपूर्ण टूर्नामेंटों में न खेलने का अफसोस है। दुर्भाग्य से, मैं मैड्रिड



ओपन में नहीं खेलूंगा। उन्होंने कहा, चोट अभी भी ठीक नहीं हुई है और मैं यह नहीं समझ पा रहा हूं कि प्रतिस्पर्धा करने के लिए मुझे क्या करना चाहिए। मैं प्रशिक्षण ले रहा था लेकिन अब कुछ दिन पहले हमने पाठ्यक्रम को थोड़ा बदलने का फैसला किया, एक और उपचार किया और देखा कि कोशिश करने के लिए चीजें बेहतर होती हैं या नहीं। मैं समय सीमा नहीं बता सकता क्योंकि अगर मुझे पता होता तो मैं आपको बता देता, लेकिन मुझे नहीं पता। अब चीजें ऐसी ही हैं। फ्रेंच ओपन, जिसे नडाल ने रिकॉर्ड 14 बार जीता है, इस साल 28 मई से 11 जून तक होता है, और इस टूर्नामेंट में भी उनकी भागीदारी संदेह में है।

## तीरंदाजी विश्व कप: फाइनल में पहुंची भारतीय पुरुष रिकर्व टीम, 13 साल बाद जगी स्वर्ण की उम्मीद

**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष रिकर्व टीम तुर्की के अंताल्या में चल रहे तीरंदाजी विश्व कप चरण 1 के फाइनल में पहुंच गई है। भारत ने लगातार तीन जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया। भारतीयों ने पहले जापान को 5-4 से और उसके बाद चीनी ताइपे और नौवीं वरीयता प्राप्त नीदरलैंड को समान 6-2 के अंतर से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। इसके साथ ही भारतीय टीम नौ साल में पहली बार पुरुषों की रिकर्व टीम स्पर्धा के फाइनल में पहुंची है।

अतनु दास, बी धीरज और तरुणदीप राय की भारतीय तिकड़ी स्वर्ण पदक के मुकाबले में चीन से भिड़ेगी। यदि भारतीय तिकड़ी स्वर्ण पदक जीतती है तो यह 13 साल बाद होगा जब भारत पुरुषों की रिकर्व टीम स्पर्धा में स्वर्ण जीतेगा। इसके अलावा भारत की प्रमुख कंपाउंड तीरंदाज ज्योति सुरेखा वेनम ने व्यक्तिगत सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

विश्व रिकॉर्ड-बराबर स्कोर के साथ योग्यता में शीर्ष पर रहने के बाद, पूर्व विश्व चैम्पियनशिप रजत पदक विजेता सुरेखा वेनम शनिवार को इंग्लैंड की दुनिया की नंबर एक एला गिब्सन के खिलाफ सेमीफाइनल में उतरेंगी। पुरुषों की रिकर्व टीम, जिसे चौथी सीड के रूप में क्वालीफाई करने के बाद पहले दौर में बाई मिली थी, को जीत के साथ शुरुआत करने के लिए कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा। भारत ने शूट-ऑफ में 29-28 की जीत के साथ 13वीं वरीयता प्राप्त जापान को 5-4 से हराया। इसके बाद, भारतीय तिकड़ी ने 12 वीं वरीयता प्राप्त चीनी ताइपे और नौवीं वरीयता प्राप्त नीदरलैंड को समान 6-2 के अंतर से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

# कोहली, डु प्लेसिस के बाद चला सिराज का जादू, आरसीबी ने पंजाब को 24 रन से हराया

**मोहाली।** फॉफ डु प्लेसिस (84) और विराट कोहली (59) की अर्धशतकीय पारियों के बाद मोहम्मद सिराज के बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) ने पंजाब किंग्स को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2023 के 27वें मैच में 24 रन से हरा दिया। सिराज ने 4 विकेट झटके। मैच में आरसीबी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 4 विकेट पर 174 रन बनाए। जवाब में पंजाब की टीम 18.2 ओवर में 150 रनों पर सिमट गई।

175 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पंजाब की शुरुआत खराब रही और केवल 27 रनों के स्कोर पर अथर्व टेड (04), मैथ्यू शॉर्ट (08) और लियाम लिविंगस्टोन (02) पवेलियन लौट गए। इसके बाद हरप्रीत सिंह भाटिया ने कुछ अच्छे शॉट खेले, लेकिन अपनी पारी को ज्यादा दूर तक नहीं ले जा सके और 9 गेंदों पर 1 चौके और 1 छक्के की बदौलत 13 रन बनाकर रन आउट हो गए। कप्तान सैम करन भी कुछ खास नहीं कर सके 76 के कुल स्कोर पर 10 रन बनाकर रन आउट हुए। 97 के कुल स्कोर पर डटकर खेल रहे प्रभसिमरन सिंह को वेन पार्नेल ने बोल्ड कर पंजाब को छठा झटका दिया। प्रभसिमरन ने 30 गेंदों पर 3




चौके और 4 छक्के की बदौलत 46 रन बनाए। प्रभसिमरन के आउट होने के बाद बल्लेबाजी करने आए शाहरुख खान भी केवल 7 रन बनाकर वानिंदु हसरंगा का शिकार बने। हालांकि इसके बाद जितेश शर्मा और हरप्रीत बरार ने आठवें विकेट के लिए 27 गेंदों पर 41 रन जोड़े। सिराज ने बरार को आउट कर यह साझेदारी तोड़ी। बरार ने 13 गेंदों पर 1 चौके की बदौलत 13 रन बनाए। सिराज ने इसी ओवर में नाथन एलिस (01) को बोल्ड कर मैच में अपना चौथा विकेट लिया। 150 के कुल स्कोर पर हर्षल पटेल ने जितेश शर्मा को बोल्ड कर पंजाब की पारी का अंत किया। पंजाब की टीम 18.2 ओवर में 150 रनों पर सिमट गई और मैच 24 रन से हार गई।

इससे पहले इस मैच में पंजाब किंग्स ने टॉस जीतकर आरसीबी को पहले बल्लेबाजी करने का निमंत्रण दिया। आरसीबी को एक बार फिर विराट कोहली और फॉफ डु प्लेसिस ने शानदार शुरुआत दिलाई और पहले विकेट के लिए शतकीय साझेदारी करते हुए 137 रन जोड़े। इस साझेदारी को हरप्रीत बरार ने विराट कोहली को आउट कर तोड़ा। कोहली ने शानदार अर्धशतकीय पारी खेलते हुए 47 गेंदों पर 59 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने 5 चौके और एक छक्का लगाया। बरार ने अगली ही गेंद पर ग्लैन मैक्सवेल को भी चलता कर आरसीबी को बड़ा झटका दिया।

151 के कुल स्कोर पर डु प्लेसिस को नाथन एलिस ने आउट कर पंजाब को बड़ी राहत दिलाई। डु प्लेसिस ने 56 गेंदों पर 5 चौके और 5 छक्के की बदौलत 84 रनों की शानदार अर्धशतकीय पारी खेली। 163 के स्कोर पर अर्शदीप सिंह ने दिनेश कार्तिक (07) को आउट कर आरसीबी की चौथा झटका दिया। महिपाल लोमरोर सात और शाहबाज अहमद 5 रन बनाकर नाबाद रहे। आरसीबी ने निर्धारित 20 ओवर में 4 विकेट पर 174 रन बनाए।

# कूल्हे की चोट के कारण मैड्रिड ओपन और इटैलियन ओपन में हिस्सा नहीं लेंगी बेलिंडा बेनकिक

**जिनेवा।** विश्व की 11वें नंबर की महिला टेनिस खिलाड़ी स्विट्जरलैंड की बेलिंडा बेनकिक कूल्हे की चोट के कारण मैड्रिड ओपन और इटैलियन ओपन में हिस्सा नहीं लेंगी।

स्विस स्टार बेनकिक ने एक इंस्टाग्राम स्टोरी पोस्ट में, उम्मीद जताई कि वह 28 मई से शुरू होने वाले साल के दूसरे ग्रैंड स्लैम फ्रेंच ओपन में 100फीसदी वापसी करेंगी। बेनकिक ने इंस्टाग्राम पर लिखा, मुझे अपने कूल्हे में कुछ तकलीफ है, जिससे मैं यूएस दौरे के दौरान भी जूझती रही। मुझे थोड़ा आराम करने और रोलां गैरोस पर 100त्न वापसी के लिए ठीक होने की जरूरत है। मैं मैड्रिड ओपन और इटैलियन




ओपन को मिस करूंगी, लेकिन कुछ हफ्तों में वापस आ जाऊंगी। बेनकिक ने इस साल एडिलेड इंटरनेशनल 2 और मुबाडला अबू धाबी ओपन के रूप में दो खिताब जीते हैं। वह दो हफ्ते पहले क्रेडिट वन चार्ल्सटन ओपन में ओन्स जैबूर के बाद दूसरे स्थान पर रहीं थीं।

बेनकिक ने कहा कि डब्ल्यूटीए टूर के यू.एस. स्विंग के दौरान समस्या ने उन्हें परेशान किया, जिसमें चार्लेस्टन ओपन के फाइनल भी शामिल था, जहां उन्हें ओन्स जैबूर के हाथों सीधे सेटों में हार का सामना करना पड़ा। बता दें कि मैड्रिड ओपन 24 अप्रैल से और इटैलियन ओपन 8 मई से शुरू हो रहा है।

## दिल्ली ने दर्ज की अपनी पहली जीत, कोलकाता को 4 विकेट से दी मात

**दिल्ली।** आईपीएल 2023 में दिल्ली कैपिटल्स ने कोलकाता नाइट राइडर्स को 4 विकेट से मात दी। इस मैच में कोलकाता ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 128 रनों का लक्ष्य रखा था, जिसके जवाब में दिल्ली ने यह लक्ष्य 19.2 ओवर में हासिल कर लिया। इसी के साथ दिल्ली ने आईपीएल 2023 में अपनी पहली जीत भी दर्ज की। इससे पहले दिल्ली अपने पांच के पांच मैच हार गई थी।

लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली के कप्तान डेविड वार्नर ने सूझ-बूझ भरी पारी खेली, उन्होंने 41 गेंदों में 57 रन बनाए। वहीं, कप्तान के साथ ओपनिंग करने आए पृथ्वी शॉ ने 13 रन बनाए। मिशेल मार्श और फिलिप साल्ट सस्ते में ही चलते बने। मार्श 2, जबकि साल्ट 5 रन बनाकर चलते बने। इसके बाद मनीष पांडे ने 23 गेंदों में 21 रनों की पारी खेली। अमन हकीम खान बिना खाता खोले ही प्वेलियन लौट गए। अंत में अक्षर पटेल ने नाबाद 19, जबकि ललित यादव ने नाबाद 4 रनों की पारी खेली। कोलकाता की ओर से वरुण चक्रवर्ती, अंकुल रॉय और नीतिश राणा तीनों ने 1-1 विकेट हासिल की। पहले बल्लेबाजी करते हुए कोलकाता 20 ओवर में 127 रनों पर ही सिमट गई थी। कोलकाता की ओर से जेसन रॉय ने 39 गेंदों में 5 चौके और 1 छक्के की मदद से 43 रन बनाए। वहीं आंद्रे रसल अंत तक टिके रहे, उन्होंने ने 31 गेंदों में 1 चौके और 4 छक्कों की मदद से नाबाद 38 रन बनाए। मंदीप सिंह ने 12 रनों की तीसरी सबसे बड़ी पारी खेली, जबकि कोलकाता का अन्य कोई बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू पाया। दिल्ली की ओर से इंशात शर्मा, मिशेल मार्श, अक्षर पटेल और कुलदीप यादव चारों गेंदबाजों ने 2-2 विकेट चटकाए। इसके अलावा मुकेश कुमार ने 1 विकेट हासिल की।

